हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 23 सितंबर 2026

04 व्यवस्थाओं पर बोले-धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं ...



07 जल झूलनी ग्यारस पर शहर में विमानों का कारवां निकला...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

धारा 170-बी के प्रकरणों में संबंधित भूमि स्वामियों को सूचना जारी

गुना। उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा WP No. 5766/2025 (छोटेलाल आदि. विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य) में पारित आदेश दिनांक 15 सितम्बर 2026 के अनुक्रम में निर्देशित किया गया है कि गुना जिले अंतर्गत मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 170-बी के अंतर्गत कार्यवाही किए जाने के उपरांत जिन भूमि स्वामियों के पक्ष में भूमि का कब्जा प्रतिवर्तन कराया गया है अथवा जिनके संबंध में कार्यवाही संस्थित की गई है, ऐसे समस्त प्रकरणों में संबंधित भूमि स्वामियों को सूचना प्रदान की जाए। सूचना में कहा गया है कि ''यदि कब्जा प्रतिवर्तन से संबंधित उक्त प्रकरणों में संबंधित बटाईदार द्वारा उनके साथ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत कोई अपराध किया गया है और उक्त घटना के संबंध में यदि वे शिकायत करना चाहें, तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर संबंधित थाने में जाकर शिकायत/रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं।

कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, बच्चे समेत तीन घायल

गुना। शहर के जगत होटल के सामने एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस सडक़ हादसे में मासूम बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोन निवासी रफीक खान ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि देर रात करीब 12:15 बजे वे अपने साले हारिस खान और बच्चे नौमान के साथ स्कूटी से बस स्टैंड पोहा लेने जा रहे थे। तभी जगत होटल के सामने कार एमपी 08-6206 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों लोग गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

बीड़ी का बंडल न देने पर दुकानदार परिवार से मारपीट

गुना। जिले के आरोन थानांतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर मारपीट और विवाद के मामले सामने आए हैं। पहले मामले में दुकान से उधार सामान न देने पर पड़ोसियों ने पूरे परिवार पर हमला कर दिया, वहीं दूसरे मामले में एक शराबी ने राहगीर के सिर पर पत्थर मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहली घटना ग्राम बनियाई की है, जहां 60 वर्षीय दुकानदार अमर सिंह राजपूत अपनी किराने की दुकान पर बैठे थे। तभी पड़ोसी नीतू राजपूत और उसका पिता मेहरबान सिंह पहुंचे और उधार बीड़ी का बंडल मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने गालियां देते हुए अमर सिंह पर डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी कैलाशी बाई, भाई शिवराज और बेटे मनोज के साथ आरोपी नीतू, मेहरबान और सत्यम ने डंडों से बेरहमी से मारपीट की, जिससे परिजनों को गंभीर चोटें आईं।

पैतृक मकान में हिस्से को लेकर देवरों ने की भाभी और भतीजे की पिटाई

गुना। शहर के पुरानी नगर पालिका के पास स्थित घोसीपुरा इलाके में पैतृक मकान में हिस्सा मांगने पर देवरों ने अपनी भाभी और भतीजे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता की शिकायत पर कैंट थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घोसीपुरा निवासी सबनम बानो ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका परिवार ससुर स्व. अब्दुल रफीक के पैतृक मकान में देवरों के साथ रहता है। ससुर के निधन के बाद से देवर तारिक अजीज, परवेज आलम, अफजल और अजहर मकान में हिस्सा नहीं दे रहे हैं। गत रात करीब 11 बजे देवरों ने उन पर अशोकनगर वाले मकान में जाने का दबाव बनाया। जब महिला ने अपने हिस्से की मांग की, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर परवेज आलम ने लात-घूसों से मारपीट कर पीड़िता को चोटिल कर दिया, वहीं तारिक अजीज ने भतीजे के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए पति फारूक शेख और पड़ोसी योगीराज शर्मा के सामने आरोपियों ने मकान खाली न करने पर जान से मारने की धमकी दी।

गले में आवेदनों की माला डालकर जनसुनवाई में पहुंची सहरिया विधवा

दबंगों ने कब्जाई 5 बीघा जमीन कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

स्थानीय कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान उस समय स्थिति भावुक हो गई, जब बमोरी तहसील के ग्राम धनोरिया से आई एक विधवा महिला अपने बेटों के साथ गले में पुराने शिकायती आवेदनों की माला डालकर पहुंची। महिला ने अपनी लगभग 5 बीघा पुश्तैनी कृषि भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई। ग्राम धनोरिया निवासी सुशीला बाई पत्नी स्वर्गीय घासीलाल सहरिया ने कलेक्टर को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि उनके दिवंगत पति के नाम पर गांव में करीब 5 बीघा कृषि भूमि दर्ज है, जिस पर उनका परिवार खेती कर जीवन-यापन करता था। इस जमीन पर सिंचाई के लिए बोरिंग और बिजली कनेक्शन भी मौजूद है। महिला का आरोप है कि गांव के सर्वण धाकड़ ने विगत पांच वर्षों से उनकी इस जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। पीड़िता के अनुसार, जब भी वह अपनी जमीन पर जाने अथवा कब्जा लेने का प्रयास करती हैं, तो उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती है। सुशीला बाई ने बताया कि उनके पति के जीवित रहते हुए भी फतेहगढ़ थाना प्रभारी, बमोरी तहसीलदार और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई। पति के निधन के पश्चात पूरे परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उन्हीं पर है। उन्होंने कहा कि यह जमीन ही उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा है, और यदि जमीन वापस नहीं मिली तो परिवार के समक्ष रोजी-रोटी का गहरा संकट खड़ा हो जाएगा। वर्षों से भटकने के बाद अब तक दिए गए सभी पुराने शिकायती आवेदनों की माला बनाकर कलेक्ट्रेट पहुंची पीड़िता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने और परिवार को सुरक्षा व न्याय दिलाने की मांग की है। इस अनोखे विरोध ने एक बार फिर स्थानीय जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों के निस्तारण की गति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



108 एंबुलेंस कर्मचारी ने कलेक्टोरेट में शिकायत दर्ज कराकर लगाए गाली गलौज और अवैध वसूली के आरोप

जनसुनवाई में 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। पीड़ितों ने 108 सेवा के वर्तमान जिला प्रबंधक के खिलाफ पद के दुरुपयोग, जातिसूचक अपशब्द कहने और अवैध पैसों की मांग करने के गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए आवेदन में अनुसूचित जाति वर्ग के 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने बताया कि वे अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए यह नौकरी कर रहे हैं। आरोप है कि जिला प्रबंधक आए दिन उन्हें धमकी देते हैं और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हैं। विरोध करने पर कर्मचारियों की ड्यूटी के दिन कम-ज्यादा कर परेशान किया जाता है। इसके अलावा कर्मचारियों का आरोप है कि समय पर वेतन डलवाने के एवज में भी पैसे मांगे जाते हैं और पैसे न देने पर किसी-किसी महीने की तनख्वाह रोक दी जाती है। यहां तक कि एंबुलेंस वाहनों के रखरखाव और सामान के लिए भी कर्मचारियों से रुपयों की मांग की जाती है। पूर्व में कंपनी और विभागीय अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। जनसुनवाई के दौरान मौजूद सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने पीड़ित स्टाफ की शिकायत सुनी और निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 59 हजार की ठगी

एक्सिस बैंक का कर्मचारी बनकर जालसाज ने हड़पे रुपये, कोतवाली में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की मठकरी कॉलोनी निवासी एक वरिष्ठ नागरिक ऑनलाइन साइबर ठगी का शिकार हो गए। शातिर जालसाज ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर झांसे में लिया और ओटीपी पूछकर क्रेडिट कार्ड से 59,635 रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मठकरी कॉलोनी निवासी प्रमोद कुमार जैन (59) ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत दिवस को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 2 लाख रुपये की जा रही है। प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर उसने प्रमोद जैन के मोबाइल पर आया ओटीपी मांग लिया। बैंक कर्मचारी समझकर पीड़ित ने जैसे ही ओटीपी साझा किया, उनके खाते से 59,635 रुपये कटने का मैसेज आ गया। ठगी का अहसास होते ही पीड़ित ने तत्काल ई-एफआईआर दर्ज कराई। थाने पहुंचे पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत मामले में 100 दिन बाद मामला दर्ज

जिले के चाचौड़ा थानांतर्गत बीनागंज चौकी क्षेत्र में फोरलेन पर एक भीषण सडक़ हादसा सामने आया था। अब लगभग 100 दिन बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन पर मामला दर्ज किया है। दरअसल पाखरियापुरा शराब कलारी के सामने अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से करीब 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मामले की जांच कर रहे सहायक उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार देवरिया ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान साक्षी अभिषेक वाल्मीकि, महेश प्रजापति, प्रहलाद और लक्ष्मीनारायण के कथन दर्ज किए गए। साक्षियों के अनुसार, 17 जून की रात करीब 1 बजे वे हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से फोरलेन पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पअज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला।

चोरी की दो वारदातें, लाखों के जेवरात पर चोरों ने किया हाथ साफ

सूने मकान से 3 किलो चांदी चोरी, ट्रेन में महिला का मंगलसूत्र-बालियां गायब



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के सिरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगरी में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात पार करने की वारदात सामने आई है। घटना उस वक्त हुई जब पूरा परिवार खेत पर काम करने गया हुआ था। पीड़ित किसान की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। ग्राम डोंगरी निवासी शांतिराम भिलाला ने अपने दामाद कृष्णा भिलाला के साथ सिरसी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत दोपहर करीब 12 बजे वे अपने परिवार के साथ घर पर ताला लगाकर खेत में काम करने गए थे। शाम करीब 5 बजे जब वे वापस लौटे, तो देखा कि मकान के पीछे का दरवाजा खुला पड़ा था। अंदर जाकर देखने पर बक्से का ताला टूटा हुआ मिला और उसमें रखे करीब 3 किलोग्राम वजनी चांदी के पुराने इस्तेमाली जेवरात गायब थे।पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने गांव और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन जेवरों का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। सिरसी थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जिले में बढ़ रही बाइक चारी की वारदातें

जिले के तीन थानों से तीन मोटर सायकिलें चोरी होने का मामला सामने आया है। इस दौरान अज्ञात चोर जिले के धरनावदा, म्याना और बमोरी थानांतर्गत तीन मोटर सायकिलें लेकर रफूचक्कर हो गए। जानकारी के अनुसार जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढीमरपुरा में घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। ग्राम ढीमरपुरा निवासी गिर्राज धाकड़ ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत शाम करीब 4 बजे उन्होंने अपनी काले रंग की बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल एमपी 08-8646 घर के बाहर सडक़ पर खड़ी की थी। थोड़ी देर बाद जब वे बाहर आए तो वाहन गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ि की रिपोर्ट पर धरनावदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। इसी तरह म्याना थानांतर्गत ऊमरी चौकी क्षेत्र में खेत किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना सामने आई है। ग्राम हस्तनापुर निवासी म्यान सिंह बारेला ने ऊमरी पुलिस चौकी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि हीरो स्प्लेंडर बाइक बिलौदा स्थित खेत के पास से गायब हो गई।

सूबेदारगंज एक्सप्रेस ट्रेन में सो रही महिला यात्री के सोने के जेवर चोरी

इधर सूबेदारगंज एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रही एक महिला यात्री के सोने के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। वारदात गुना रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना होने के महज 10 मिनट बाद हुई। ग्वालियर जीआरपी से प्राप्त शून्य एफआईआर के आधार पर जीआरपी गुना ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भिंड जिले के ग्राम अमाहा निवासी रोहित सिंह कौरव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी माता रामकुमारी अपनी बहन शारदा देवी के साथ गत दिवस इंदौर से ग्वालियर के लिए ट्रेन संख्या 04170 सूबेदारगंज एक्सप्रेस के कोच एस-8 में यात्रा कर रही थीं। अगली सुबह ट्रेन जैसे ही गुना स्टेशन से आगे बढ़ी, महिला की नींद खुली तो उनके गले में पहना सोने का मंगलसूत्र 6 मोती सहित, वजन लगभग 5 ग्राम और कान की सोने की बालियां वजन लगभग 4 ग्राम गायब थीं। अज्ञात चोर महिला के सो जाने का फायदा उठाकर करीब 20 साल पुराने सोने के जेवर चुरा ले गया। पीड़िता ने सामने वाली सीट पर सफर कर रहे यात्री पर चोरी का संदेह जताया है।

बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पीएम श्री स्कूल में इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण एवं विसर्जन कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुरानी छावनी स्थित पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय में गणेश उत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता से जोडऩे के उद्देश्य से इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण प्रतियोगिता एवं विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर प्राकृतिक मिट्टी से आकर्षक और पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमाएं बनाईं। इन प्रतिमाओं की गणेश चतुर्थी के दिन स्कूल परिसर में स्थापना की गई, जहां जलझूलनी एकादशी तक प्रतिदिन पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण का दौर चला। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर आयोजित विसर्जन कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को प्राकृतिक मिट्टी की प्रतिमाओं के उपयोग और स्वच्छ तथा जिम्मेदार तरीके से धार्मिक त्यौहार मनाने का संदेश दिया गया। इस सफल आयोजन में प्रधानाध्यापक राज नारायण शर्मा सहित विपिन जैन, शोभा सक्सेना, अनीता शर्मा, विधु त्रिवेदी, मधु दनेलिया, वंदना साहू, मोनिका रघुवंशी, विनीता मोदी, रश्मि तिवारी, सपना मादावत, प्रिया गौड़, ज्योति श्रीवास्तव, सोनू धाकड़ और विजय यादव सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद् गुना की सहयोगी संस्था सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेस के टीम मौजूद रही।

सुगंध दशमी पर धूप-लौंग अर्पित कर की मंदिरों की वंदना

पर्यूषण पर्व पर जैन मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के अवसर पर शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सुगंध दशमी के अवसर पर देर रात तक जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान को धूप एवं लौंग अर्पित कर शहर के विभिन्न जैन मंदिरों की वंदना की। इस दौरान चंद्रप्रभु जिनालय सहित अन्य जैन मंदिरों में बच्चों ने आकर्षक धार्मिक झांकियां सजाईं। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान के पालने को झुलाकर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल रहा। सुभाष कॉलोनी स्थित श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के अवसर पर 25 सितंबर को रात 9 बजे से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। स्वर्गीय अनिल कुमार जैन की पुण्य स्मृति में होने वाली इस प्रतियोगिता का विषय 'विकसित भारत की परिकल्पना और युवाओं की स्थिति' रखा गया है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागी 23 सितंबर की रात 9 बजे तक अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये, द्वितीय 3100 रुपये, तृतीय 2100 रुपये तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1100 रुपये दिए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक तरुण जैन सोनाली केबल्स परिवार हैं।



विधि-विधान से ध्वज व मंच पूजन के साथ रामलीला मंचन का संपन्न

सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वावधान में आगामी 6 अक्टूबर से आयोजित होने वाले भव्य रामलीला मंचन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रथम चरण में विधि-विधानपूर्वक ध्वज पूजन एवं मंच पूजन का धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री राम दरबार एवं श्री हनुमान जी महाराज का विशेष पूजन-अर्चन कर मंत्रोच्चार के साथ महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसी क्रम में जलझूलनी एकादशी के पावन पर्व पर शाम 4 बजे से रामभक्त हनुमान मंदिर परिसर में पधारे विभिन्न देवालयों के देव विमानों और श्री गणेशजी की झांकियों का भावभीना स्वागत किया गया। समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने देव विमानों की पूजा-अर्चना कर अगवानी की।



कैंट और कोतवाली ने जुओं के फड़ों पर दी दबिश, दबोचे 8 जुआरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की कैंट और सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर जुए के फड़ों का पर्दाफाश किया है। दोनों कार्रवाइयों में पुलिस ने कुल 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा, जबकि मक्के के खेत की आड़ लेकर 2 आरोपी भागने में सफल रहे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश की गड्डियां और 26,245 रुपये नगद जब्त कर जुआ एक्ट के तहत मामले दर्ज किए हैं। पहली कार्रवाई कैंट थाना पुलिस द्वारा सकतपुर तालाब के पास खेतों में की गई। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग तालाब के पास ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से अंशुल जैन निवासी चौधरी मोहल्ला, कोतवाली गुना, सुरेंद्र रजक निवासी वर्री, थाना बहादुरपुर, जिला अशोकनगर, योगेश गोस्वामी निवासी हनुमंता मंदिर के पास, पठार मोहल्ला, कोतवाली गुना और हिमांशु खटीक निवासी पुरानी छावनी, कोतवाली गुना को धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान दो आरोपी गोमसी जैन निवासी चौधरी मोहल्ला, गुना और संजू साहू उर्फ संसू सेमसन निवासी बूढ़े बालाजी, गुना खेत में खड़ी मक्के की फसल का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने फड़ व आरोपियों के पास से कुल 25,545 रुपये नगदी जब्त की है।

समाचार संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बड़ोद में कार्यक्रम आयोजित



आरोन। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बड़ोद में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की एवं विद्यालय के प्राचार्य पहलाद मीणा एवं शिक्षक योगेश शर्मा एवं सुभाष शर्मा के द्वारा द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार एवं वंदन किया।इस अवसर पर हमारे द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया साथ ही अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया इस कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मुकेश पचोरी एवं बूथ संयोजक दिलीप मीना एवं विद्यालय के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

सर्व ब्राह्मण समाज आरोन की नवीन कार्यकारिणी गठित, नये अध्यक्ष की नियुक्ति



आरोन। सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक नवीन ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में नगर आरोन एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में समाज वंधु उपस्थित रहे। निवृत वान अध्यक्ष बिष्णु प्रसाद दुबे ने अपने कार्यकाल का आय व्यय का लेखा - जोखा प्रस्तुत किया गया जिसकी पुष्टि सभी समाज जनो ने करतल ध्वनि से की गई । महंत ईश्वरदास ने बिष्णु प्रसाद दुबे का शाल ओढाकर फल भेंटकर फूलमाला पहनाकर सम्मान किया गयाबैठक में महंत ईश्वरदासी, महन्त सीताराम दास , महन्त संतदास ,महंत राघवेन्द्र दास संत अवधेश दास,सर्व ब्राह्मण समाज प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा शंकर भार्गव निवर्तमान अध्यक्ष विष्णु प्रसाद दुबे उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने समाज की एकता पर जोर दिया सर्व प्रथम भगवान परशुराम का पूजन अभिषेक कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई सर्व सम्मति से आरोन तहसील के अध्यक्ष चन्द्र मोहन शर्मा, दिनेश शर्मा को संगठन मंत्री, ब्रजेश शर्मा को उपाध्यक्ष के रुप में घोषणा की गई।सभी महंतों एवं प्रबुद्ध जनों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।सभी नवयुवकों ने समाज में सुमित से समाज कल्याण के संकल्प की आवृत्ति की गई।

नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत

आरोन। ब्रहाम्ण समाज के नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रमोहन शर्मा माता मुड़रा को मुनेश जैन पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं हरवीर सिंह शिक्षक विशाल खम्भोल देवेंद्र शर्मा जयवर्धन परमार पुरुषोत्तम शर्मा ने श्रीफल भेट कर शुभकामनाएं बधाई दी।



राघौगढ़ के विभिन्न वार्डों में गणेश पंडालों में पहुंचे विधायक जयवर्धन सिंह

व्यवस्थाओं पर बोले-धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ा रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



गणेश उत्सव के पावन अवसर पर राघौगढ़ नगर में इन दिनों भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। नगर के विभिन्न वार्डों में गणेश उत्सव समितियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा भगवान श्री गणेश जी की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित कर भव्य पंडाल एवं झांकियां सजाई गई हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन गणेश पंडालों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं आरती में सम्मिलित हो रहे हैं।

इसी क्रम में पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक श्री जयवर्धन सिंह ने राघौगढ़ नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर गणेश उत्सव में सहभागिता की। उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर स्थापित गणेश पंडालों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी के दर्शन किए, पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं के साथ आरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने गणेश उत्सव समितियों, युवाओं, स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं से आत्मीय मुलाकात कर सभी को गणेश उत्सव की शुभकामनाएं दीं। जयवर्धन सिंह ने अपने दौरे की शुरुआत डिग्री कॉलेज के पास स्थित गणेश पंडाल से की। यहां पहुंचकर उन्होंने भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की और आरती में सम्मिलित होकर क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात वे राघौगढ़ नगर के वार्ड क्रमांक 1, वार्ड क्रमांक 3, वार्ड क्रमांक 7 सहित विभिन्न वार्डों में आयोजित गणेश उत्सव कार्यक्रमों में पहुंचे। नगर के अलग-अलग वार्डों में पहुंचने पर गणेश उत्सव समितियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा विधायक श्री जयवर्धन सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया। अनेक स्थानों पर युवाओं एवं समिति सदस्यों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया और गणेश उत्सव में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया।

आकर्षक झांकियों के किए दर्शन

राघौगढ़ नगर के विभिन्न वार्डों में गणेश उत्सव समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां एवं पंडाल सजाए गए हैं। इन पंडालों में भगवान श्री गणेश जी की सुंदर प्रतिमाओं के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर आधारित झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। विधायक श्री जयवर्धन सिंह ने विभिन्न गणेश पंडालों में पहुंचकर इन झांकियों के दर्शन किए और समिति के सदस्यों द्वारा की गई।

रामलीला समिति की बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

स्थानीय अग्रवाल समाज के रामजानकी मंदिर परिसर में 'श्री हनुमान रामलीला समिति' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी रामलीला मंचन की रूपरेखा तय करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।सर्वसम्मति से प्रशांत अग्रवाल को अध्यक्ष और रामपाल सिंह चौहान को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद का दायित्व राधेश्याम मीणा, गोपाल सेन, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, दिलीप राजपूत, नंदकिशोर साहू एवं रविंद्र कश्यप को सौंपा गया। वहीं रामकिशोर शर्मा और मनीष साहू को सचिव, डॉ. गोविंद शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा देवेंद्र गुप्ता को महामंत्री बनाया गया।संरक्षक मंडल में 5500 बार अखंड रामायण का पाठ कर चुके 'मानस मर्मज्ञ' की उपाधि से विभूषित कैलाशनारायण राजोरिया, दुर्गाप्रसाद शर्मा, नंदकिशोर खेड़ापति, श्याम बिहानी, प्रमोद कासट, भारत सिंह गुर्जर, केदारमल साहू, गुलाब सिंह केवट एवं ओमप्रकाश शर्मा को शामिल किया गया है।150 वर्ष पुराना गौरवशाली इतिहासकुंभराज की इस ऐतिहासिक रामलीला का लगभग 150 वर्ष पुराना गौरवशाली इतिहास रहा है। अतीत में वरिष्ठ कलाकारों के सजीव और भावपूर्ण अभिनय से रामलीला में एक अलग ही निखार आता था।

कुंभराज में महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में मनाया उत्तम तप धर्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

स्थानीय श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत 22 सितंबर को 'उत्तम तप धर्म' भक्तिभाव से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरा अनुसार श्री जिनवाणी को विराजित कर तथा आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण कर किया गया।इसके पश्चात भाग्योदय तीर्थ (सागर) से पधारीं बाल ब्रह्मचारिणी संध्या दीदी एवं बाल ब्रह्मचारिणी शैली दीदी के मंगल प्रवचन हुए।धर्मसभा को संबोधित करते हुए दीदी ने कहा कि उत्तम तप से केवल तन ही नहीं, बल्कि मन भी निर्मल होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तम तप का अर्थ केवल भोजन का त्याग करना नहीं है, बल्कि अपनी इच्छाओं, विषय-वासनाओं और विचारों पर संयम रखते हुए आत्मशुद्धि की ओर अग्रसर होना है।उन्होंने आगे कहा कि जब मनुष्य राग-द्वेष, विषय-भोग और इंद्रिय सुखों का त्याग कर आत्मकल्याण के लिए स्वेच्छा से कठिनाइयों को सहन करता है, तभी वह वास्तविक तप कहलाता है।

जल झूलनी ग्यारस पर मिनी वृंदावन, चाचौड़ा में निकले 40 विमान, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



जल झूलनी ग्यारस के पावन अवसर पर मिनी वृंदावन के नाम से प्रसिद्ध चाचौड़ा में धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नगर के विभिन्न मंदिरों से करीब 40 भगवान के विमान निकाले गए। वहीं बीनागंज में भी भगवान के विमानों की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आसपास के गांवों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।जय बजरंग अखाड़ा के सदस्य कर्तव्य प्रदर्शन करते हुए शोभायात्रा के आगे चल रहे थे। भजन मंडलियों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं, वहीं कालापीपल से आए भील समाज के कलाकारों के लोकगीत भी आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा के दौरान नगर के प्रमुख मार्ग भगवान के जयकारों और भजनों से गूंजते रहे।जल झूलनी ग्यारस के इस धार्मिक आयोजन में आसपास के उमरथाना, झुकरा, झुकरी, कालापीपल, पीपल्यामोती, नेसकला और आमासेर सहित अनेक गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। आयोजकों के अनुसार, आयोजन में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।विधायक ने भजन गाकर बढ़ाया उत्साहकार्यक्रम में विधायक प्रियंका पेची भी शामिल हुईं और श्रद्धालुओं के साथ भजन गाए। वहीं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मंडल सहित अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। बीनागंज-चाचौड़ा क्षेत्र में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह भी शामिल हुए।पुलिस और नगर पालिका की व्यवस्था की सराहनाबड़ी



संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभाली गई। वहीं नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

टैक्स ऑडिट की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

टीबीए बार एशोसियसन अशोकनगर द्वारा टैक्स ऑडिट की निर्धारित अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर किए जाने की मांग को लेकर आयकर अधिकारी बी.एल. मीणा को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने वर्तमान समय-सीमा में टैक्स ऑडिट का कार्य पूर्ण करने में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं कर पेशेवरों के समक्ष आ रही। व्यावहारिक कठिनाइयों से उन्हें अवगत कराया गया। साथ ही, कार्य की गुणवत्ता एवं कर अनुपालन को ध्यान में रखते हुए टैक्स ऑडिट की अंतिम तिथि में एक माह की वृद्धि कर इसे 31 अक्टूबर तक किए जाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर टीबीए जिला अशोकनगर के अध्यक्ष नरेश जैन एवं सचिव नारायण शिवहरे के साथ सीए रोहित जैन एवं सीए सौरभ जैन उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारी से अनुरोध किया कि सदस्यों की व्यावहारिक समस्याओं को उच्च स्तर तक पहुंचाया जाए और टैक्स ऑडिट की अंतिम तिथि बढ़ाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए। आयकर अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाई गई मांग एवं व्यावहारिक कठिनाइयों को उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा। टीबीए जिला अशोकनगर ने उम्मीद जताई कि कर पेशेवरों की व्यावहारिक कठिनाइयों एवं कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए टैक्स ऑडिट की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 अक्टूबर करने पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।

आमखो की नदी में बहने वाले दूसरे किशोर का शव 42 घंटे बाद मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर थूबोन चैकी के अंतर्गत आमखो की नदी में रविवार को 5 किशोर नहाने के लिए गए थे जिनमें दो किशोर नदी के बहाव में बह गए थे, जिनमें से एक किशोर दक्ष यादव का शव सोमवार को मिल गया था,लेकिन ध्रुव दुवे नहीं मिला था जिसके शव को तलाशने का सर्चिंग अभियान जारी था। मंगलवार की सुबह 42 घण्टे के बाद एक झोरे में से एसडीआरएफ की टीम ने सर्च कर बाहर निकाला है। एसडीआरएफ की टीम को लंबा सर्च अभियान चलाना पड़ा, शव न मिलने के कारण परिवार जन पीड़ति चल रहे थे। शव मिलने के बाद वह अपने बेटे की अतिंम विदाई का हक उन्हें मिल पाया।

एसडीआरएफ की टीम की ओर से राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि आम खो की नदी के पास एक झोरा निकलता है जो नदी से कटकर अलग हो जाता है, उस झोरे में जब मंगलवार की सुबह सर्चिंग अभियान चलाया गया तब वहां झाड़ियों के बीच ध्रुव दुवे का शव दिखाई दिया, जिसे बाहर निकाला गया। लगातार पानी में 30 घंटे रहने के कारण शव फूल गया था। पुलिस ने उक्त शव परिवार जनों को सौंप दिया है।

गुरु कृपा समाज सेवी ग्रुप ने कराया 38वां अंतिम संस्कार



अशोकनगर। शहर में सामाजिक सरोकार के अहम विषयों पर गुरु कृपा समाज सेवी ग्रुप आगे रहता है जिसमें शिक्षा स्वास्थ सहित गरीब परिवारों की मदद मामलों में विगत अनेक वर्षों से धर्मेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में मरीजों को भोजन, उपचार सुविधाएं तथा स्कूली छात्रों को हर संभव मदद के साथ साथ अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं में गुरु कृपा आगे है।

अनजान और बेसहारा मृतकों की अंत्येष्टि खर्च उठाता है गुरु कृपा ग्रुप

अपरिचित और वे सहारा मृतकों के अंत्येष्टि कर्म के पवित्र कार्य स्वयं के खर्च पर गुरु कृपा द्वारा संपन्न कराए जा रहे हैं। विगत रोज मंगल वार को 38वां अंतिम संस्कार कराया नत्थू सिंह पुत्र प्यारे लाल उम्र 80 वर्ष विगत समय से जिला अस्पताल में भर्ती रह कर उपचार करा रहा था। नत्थू सिंह की देख रेख करने वाला कोई भी अटेंडर नहीं था जिसकी मृत्यु होने के साथ ही उसके शव को कोई लेने नहीं आया, तब जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा नत्थू सिंह के शव को आवश्यक आयोचारिकताएं पूरी करते हुए शव के अंतिम संस्कार के लिए धर्मेंद्र रघुवंशी गुरुकृपा को सौंपा था जिन्होंने डोल ग्यारस के पवित्र अवसर पर मृतक नत्थू सिंह का अंतिम संस्कार शहर के मुक्ति धाम पर किया। जिनके साथ जय प्रकाश और मनोहर बालू शव अंत्येष्टि क्रिया में सम्मिलित रहे।

गणेश उत्सव में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

महाराष्ट्र समाज अशोकनगर द्वारा गणेश उत्सव में सोमवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता की संयोजक दिव्या मोहिते और सलोनी मोहिते थी कार्यक्रम के प्रायोजक सुरेश मोहिते रहे।

इस कार्यक्रम में 25 बच्चों एवं 27 महिलाओं ने भाग लिया सभी प्रतिभागियों ने बहुत सुंदर फैंसी ड्रेस का प्रदर्शन किया, जिसमें आई तुलजा भवानी, देवी लक्ष्मी, वीर शिवाजी छावा, कृष्ण सुदामा मित्रता, पंढरपुर की सवारी, जगन्नाथ पुरी, भगवान विट्ठल जैसे अनेक किरदारों का जीवंत चित्रण प्रतिभागियों ने किया। इस अवसर पर बप्पा की भव्य आरती की गई।

सडक पर ट्रेक्टर ट्राली खड़े कर चक्का जाम करने पर 11 नामजद और 15 अन्य पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत चंदेरी ईसागढ मार्ग पर ग्राम नयाखेडा के समीप सड़क पर जाम लगाने और आम लोगों को रास्ते से निकलने पर हुई परेशानी के बाद शिकायत पर पुलिस ने 11 नामजद और 15 अन्य पर मामला दर्ज किया है। घटना एक दिन पहले की है चक्का जाम करने से आम लोगों को निकलने नहीं दिया गया, अस्पताल जाने वाले लोग भी परेशान हुए जिस पर राजा प्रजापति द्वारा पुलिस में शिकायत की गई थी जिसके आधार पर पुलिस ने हरनाम सिंह लोधी, नीलम सिंह,नेपाल सिंह, कृष्णकांत, उजागर, प्रकाश लोधी, कैलाश सिंह पाल, अनीष, रिषभ लोधी, सीताराम और रौनक अहिरवार के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है इसके अलावा 10 से 15 अन्य लोगों पर भी मामला दर्ज किया गया है। यह पूरा मामला नयाखेडा में भैंस चोरी को लेकर है जिसमें ग्रामीणों ने दो लोगों को पकड़ा था जिसमें एक भाग गया था, जिस पर से ग्रामीणों ने चक्का जाम किया था।

पानी की मोटर व केबल चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पिपरई में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी पिपरई निरी0 नरेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्धों की तलाश एवं तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पतारसी की गई। पुलिस टीम की सतर्कता, मेहनत एवं सटीक रणनीति के परिणामस्वरूप घटना के मात्र 24 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी कल्ला उर्फ दिनेश पुत्र झूलन अहिरवार, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम रतवास, थाना पिपरई, जिला अशोकनगर एवं भवानी पुत्र सुरेश अहिरवार, उम्र 24 वर्ष, निवासी अंबेडकर मोहल्ला, अशोकनगर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई पानी की मोटर एवं केबल बरामद कर ली गई है।

थाना पिपरई पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पानी की मोटर एवं केबल चोरी के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया माल भी बरामद कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि थाना पिपरई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरी टंकी निवासी थान सिंह यादव पुत्र सरवर सिंह यादव, उम्र 72 वर्ष द्वारा 19 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी पानी की मोटर एवं केबल अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना

पीपलीमाड से युवती लापता, अपहरण का अंदेशा

श्योपुर। मानपुर थाना क्षेत्र के गांव पीपलीमाड से बीती रात को एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण का अंदेशा जाहिर करते हुए मानपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और एक संदेही युवक का नाम भी पुलिस को बताया है। पुलिस ने बताया कि काशीपुर ग्राम पंचायत के पीपलीमाड निवासी मीनाक्षी ओड राजपूत 19 वर्ष गत रात्रि के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों के बीच घर से लापता हो गई। जिसका पता परिजनो को सुबह नींद खुलने पर चला। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज करते हुए युवती की तलाश शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

मनीष सिंह गुर्जर बने थाना प्रभारी



ईसागढ़। अशोकनगर जिले में पुलिस विभाग में हुए पदस्थापना बदलाव के तहत सब इंस्पेक्टर मनीष सिंह गुर्जर को ईसागढ़ थाना प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जारी पदस्थापना के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से नई जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए गए हैं। मनीष सिंह गुर्जर को पुलिसिंग का अनुभव है। वे पूर्व में नईसराय थाना प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा कोतवाली थाने में भी वे सब इंस्पेक्टर के रूप में दो बार कार्य कर चुके हैं। पुलिस विभाग में उनके पूर्व अनुभव को देखते हुए अब उन्हें ईसागढ़ जैसे महत्वपूर्ण थाना क्षेत्र की कमान सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राजपुर में हर्ष उल्लास के साथ डोल ग्यारस पर्व मनाया गया



राजपुर। कस्बे में हर्ष उल्लास के साथ डोल ग्यारस का पर्व मनाया गया, सभी डोला गांव के मुख्य सड़क मार्ग से होकर जैन मन्दिर गली, पंखिया मन्दिर, कुशवाहा मोहल्ले होते हुए हनुमान चोराहा, हाट बाजार होकर मैदान पर सभी विमान एकत्रित हुए। गांव में जगह-जगह पर विमानों की आरती,व पूजा अर्चना की गई, भजन कीर्तन करतें हुए श्रद्धालु जुलुस में चल रहें थें। शाम को जल विहार के लिए विमानों कों नदी पर ले जाया गया। विमानों के चवूतरा के समीप घाट निर्माण नहीं होने से काफी परेशानी उठानी पड़ी, वहीं गांव वासी जन प्रतिनिधियों को इसकी शिकायत करते हुए नजर आए।

राजपुर में भगवान महावीर स्वामी को पालना झुलाया गया

राजपुर। राजपुर में महापर्व पर्युषण के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु जन भक्ति भाव से भाग ले रहे हैं, भगवान की शांति धारा, अभिषेक और आरती के आयोजन हो रहे हैं। पर्युषण पर्व में प्रतिदिन सुबह भगवान का अभिषेक शांतिधारा पूजन होती है, दोपहर में सांगानेर से पधारी दीदीयों द्वारा विधान कराया जाता है और मंगल प्रवचन होते है।

तुलसी सरोवर में मयूर नौका आर्कषण का केन्द्र रही, आर्कषक आतिशबाजी भी देखने को मिली

जल झूलनी ग्यारस पर शहर में विमानों का कारवां निकला, भक्तों का भी उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर के बड़े धार्मिक उत्सवों में से एक जल झूलनी ग्यारस पर भगवान के विमानोत्सव का चल समारोह धूम धाम से निकाला गया, सड़कों पर भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं में अपार उत्साह नजर आया। नांचते गाते और आरती करते हुए श्रद्धालुओं को देखा गया। पूरा शहर उत्सव में डूबा था। तुलसी सरोवर में मयूर नौका में लगी झांकी आर्कषण का केन्द्र रही, वहीं आतिशवाजी का नजारा भी देखने को मिला।





प्रत्येक विमान के साथ बैंड और नगाड़े देखे गए

शहर में भगवान के इस विमानोत्सव के चल समारोह की शुरूआत दोपहर 3 बजे शहर के गांधी चैक से हुई। यहां सभी मंदिरों के विमान पहुंचना प्रारंभ हुए जिसके बाद विमानों का एक कारवां गाजे बाजों के साथ प्रारंभ हुआ। प्रत्येक विमान के साथ अलग-अलग बैण्ड,नगाड़े और ताशे बजते हुए नजर आए। भगवान की जय जय कार के बीच यह चल समारोह गांधी चैक से प्रारंभ होने के बाद सदर बाजार, सुभाष गंज, स्टेशन रोड़, फुटओवर ब्रिज होते हुए तुलसी सरोवर में जल विहार के लिए ले जाया गया। इन विमानों को आर्कषक ढंग से सजाया गया था। विमानों के इस चल समारोह में सबसे आगे सराफा बाजार हनुमान मंदिर का विमान चल रहा था। उत्सव, श्रद्धा और भक्ति के बीच बांके विहारी भगवान की आरती करने के लिए श्रद्धालु सड़कों के किनारे खड़े रहे यहां भगवान को फल अर्पित किए गए। अनेक लोगों को विमानों के नीचे से निकलते हुए देखा गया।

तुलसी सरोवर के जल में नाव आर्कषण का केन्द्र बनी

शहर में इस विमान उत्सव को लेकर सुरक्षा के प्रबंध किए गए थे वहीं जिन-जिन मार्गों से विमानों को निकलना था उन मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित किया गया था। इस कारण वाहन चालकों को प्रशासन द्वारा तय किए गए रास्तों से ही गुजरना पड़ा। शाम 7:00 बजे यह विमान शहर से होकर तुलसी सरोवर पर पहुंचे। यहां पहले भगवान की पूजा अर्चना की गई और विधि विधान से जल विहार कराया गया। जल विहार के लिए एक आर्कषक नाव तैयार की गई थी। जिसमें विष्णु भगवान को शेषसैया पर दिखाया गया था। यह नाव तुलसी सरोवर के जल में चलती हुई देखी गई जो उन सभी स्थानों पर पहुंची जहां भगवान को जल विहार कराया जा रहा था। इस दौरान आर्कषक आतिशवाजी भी देखने को मिली। इस आयोजन में शामिल होने के लिए आस-पास के ग्रामीण अचंलों से भी लोग पहुंचे थे। भीड़ इतनी थी की लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिए इंतजार करना पड़ा। शहर में जितने भी मंदिर हैं उन सभी मंदिरों के विमान इस चल समारोह में शामिल थे इसके अलावा पास के ग्रामीण अंचलों के विमान भी यहां पर पहुंचे थे। इस मौके पर अशोकनगर शहर धर्म की धार्मिक आभा में रंगा नजर आया। यह शहर के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक था। प्रशासन के अधिकारी, नगरपालिका परिषद के साथ सभी संस्थाएं और समाज के लोग इस आयोजन का हिस्सा बने।





इस वर्ष शहर में अधिक मंदिरों के विमान निकले

शहर में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में विमानों की संख्या अधिक देखने को मिली। ऐसा कोई घर परिवार नहीं था जिनके द्वारा इस चल समारोह में भाग न लिया गया हो। लगभग 40 मंदिरों के विमान इस चल समारोह में शामिल थे। इन सभी मंदिरों के विमानों की एक के बाद एक श्रद्धालुओं ने आरती की। बारी-बारी से आ रहे इन विमानों को लेकर श्रद्धालुओं को सभी विमानों की पूजा-अर्चना करने के लिए 2 घण्टे तक इंतजार करना पड़ा। जिन-जिन स्थानों से भगवान के इन विमानों का चल समारोह निकला उन स्थानों पर फूलों से वर्षा की गई। शहर भर में जगह-जगह इस तरह के दृश्य देखने को मिले। कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा चल समारोह में चल रहे लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री भी प्रदान की गई। सुभाष गंज जैन मंदिर परिसर से जब यह विमान निकले तब जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा भगवान की आरती उतारी गई।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर निवासी पूजा बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उदयभान सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नयाखेडा निवासी हरनाम सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीराम लोधी और बलराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लुधाया निवासी राकेश आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामराजा यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रामराजा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राकेश आदिवासी, लक्ष्मी बाई, कन्छेरी और कृपाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुरायला निवासी हरनाम सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि सरण जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदवाया निवासी रेखाबाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति अमरचंद आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रतभानपुर निवासी लक्ष्मीबाई मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मदन, मिथुन, उमराव और निरंजन मोगिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मदन मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राहुल, भरत, टिंकू और पवन मोगिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकेत निवासी गंगाराम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रतिपाल और द्रोपदी बाई लोधी ने उससे पत्थर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से प्रतिपाल लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गंगाराम और अंकेश लोधी ने उसकी डंडों से मारपीट की।



संभागीय फुटबॉल स्पर्धा में ग्वालियर विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

संभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रातः काल से ही शेष बचें मैचों में बालिका वर्ग सेमीफाइनल मैच मुरैना विरुद्ध ग्वालियर का हुआ जिसमें मुरैना ने 01/00 से विजयी रहीं, वहीं फाइनल मैच मुरैना विरुद्ध भिण्ड के मध्य हुआ जिसमें मुरैना ने 01/00 भिण्ड को हराया। इधर बालक वर्ग के क्वाटर फाइनल में अशोकनगर ने शानदार खेलते हुए दतिया टीम को चार के मुकाबले शून्य गोलों से मात दी, सेकण्ड क्वाटर फाइनल मैच में श्योपुर विरुद्ध भिण्ड का मैच हुआ, जिसमें श्योपुर ने भिण्ड को 02 शून्य से परास्त किया। बालक वर्ग के पहले सेमी फाइनल में अशोकनगर और श्योपुर भिड़े जिसमें अशोकनगर ने शानदार खेल खेलते हुये मिहिर सक्सेना के दो और क्रिश जाता के 1 गोल की बदौलत श्योपुर को 3 के मुकाबले शून्य गोलों से हराया। दूसरे सेमी फाइनल में गुना विरुद्ध ग्वालियर मैच हुआ जिसमें ग्वालियर ने आसानी से गुना को 01/00 गोल से हराते हुये फाइनल में जगह बनाई। फुटबॉल का फाइनल मैच अशोक नगर विरुद्ध ग्वालियर के बीच टसल पूर्ण मैच हुआ जिसमें ग्वालियर ने अशोकनगर को एक के मुकाबले शून्य गोल से जीत दर्ज करते हुये विजेता बना। 70वीं संभागीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा के आदेशानुसार मनोज राठौर डीएसओ, शालिनी श्रीवास्तव, प्रहलाद श्रीवास्तव सेवा निवृत, प्रियांशु शर्मा, आदित्य चैरसिया, शैलेन्द्र अहिरवार, राजेश सोनी, हार्दिक वैश्य विवेक सेन ओला सहित सभी का 70 शालेय फुटबॉल का योगदान रहा।

नगर में भक्ति भाव से निकाले गए विमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

तहसील मुख्यालय नईसरायं पर फूल डोल ग्यारस का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस दौरान एक दर्जन से भी ज्यादा विमान निकाले गए नगर में मंगलवार शाम 4 बजे से एकत्रित होने का सिलसिला हो गया था,।

जहां विभिन्न मंदिरों से होते हुए विमान सबसे पहले हाट बाजार प्रांगण स्थित थाने के सामने पहुंचे जहां लोगों ने विमान की अगवनी की एवं पूजा अर्चना की इसके बाद स्थानीय और बाहर से आए गायक कलाकारों ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। डीजे की धुन पर बच्चे नाचते हुए जयकारे लगाते रहे। इसके बाद स्थानीय प्रशासन की ओर से नईसराय थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में विभिन्न मार्गो से होते हुए विमान श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पर विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भगवान को जल विहार कराकर विमान उत्सव संपन्न हुआ।



आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले दो आरोपी हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना मुंगावली पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई 2026 को सूचनाकर्ता बिनीताबाई बाल्मीक, निवासी शमसाबाद द्वारा सूचना दी गई कि मृतक अफजल खां द्वारा सल्फास का सेवन कर लिया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर थाना मुंगावली में मर्ग क्रमांक 42/26, धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच प्रारंभ की गई। मर्ग जांच के दौरान सामने आए तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर पाया गया कि आरोपीगण इमरान खान पुत्र समीम खां एवं मो. इरफान कुरैशी पुत्र अब्दुल गनी, निवासीगण सिरोंज द्वारा मृतक को प्रताड़ित किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप मृतक अफजल खां द्वारा आत्महत्या किया जाना पाया गया। जांच के आधार पर थाना मुंगावली में अपराध क्रमांक 425/26, धारा 108 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी मुंगावली उनि. अरविन्द सिंह कछुवाह द्वारा पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मल्हारगढ़ से गिरफ्तार किया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई उपरांत उन्हें न्यायालय मुंगावली के समक्ष पेश किया गया।

पटवारियों ने कहा-प्रक्रिया स्वीकार नहीं

स्वामित्व रजिस्ट्री की प्रक्रिया को लेकर पटवारियों व सरकार के बीच गतिरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्वामित्व योजना के अंतर्गत शुरू की जा रही स्वामित्व रजिस्ट्री की प्रक्रिया को लेकर पटवारियों और शासन के बीच गतिरोध जारी है। पटवारी संघ का कहना है कि, पटवारी स्वामित्व योजना के विरोध में नहीं हैं, बल्कि योजना का मूल कार्य पूर्व में पूर्ण हो चुका है और वर्तमान में शुरू की गई रजिस्ट्री प्रक्रिया के विरुद्ध हैं।

जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने कहा है कि पटवारियों के अनुसार आबादी भूमि का सर्वे, अभिलेख तैयार करने, नक्शों के संधारण एवं आवश्यक जांच-सुधार सहित योजना से संबंधित मैदानी कार्य पूर्व में पूरा किया जा चुका है। संबंधित आबादी निवासियों को अधिकार-पत्र एवं खसरा नकल भी उपलब्ध कराई जा चुकी है। ऐसे में उसी भूमि की पुनः रजिस्ट्री प्रक्रिया में पटवारियों को निष्पादक की भूमिका दिए जाने पर पटवारी संघ ने आपत्ति जताई है। पटवारियों का कहना है कि जिस भूमि का सर्वे एवं अभिलेखीय कार्यवाही पूरी हो चुकी है और संबंधित निवासी के नाम खसरा नकल उपलब्ध हो चुकी है, उसी भूमि की रजिस्ट्री के निष्पादन की जिम्मेदारी पटवारी को देना कानूनी एवं उत्तरदायित्व की दृष्टि से गंभीर प्रश्न खड़े करता है। सबसे पहले यह स्पष्ट होना चाहिए कि, पटवारी स्वामित्व योजना के विरोध में नहीं हैं। स्वामित्व योजना का जो सर्वे, रिकॉर्ड तैयार करने और खसरा नकल उपलब्ध कराने का कार्य था, वह पटवारियों ने पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ किया है। महीनों तक दस्तावेज तैयार किए गए, नक्शे तैयार कराए गए और उनकी जांच एवं सुधार के लिए जबलपुर तक अनेक बार जाना पड़ा। इस पूरी प्रक्रिया में पटवारियों ने शासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है, सारा काम पटवारियों ने किया है।"



पटवारी संघ ने समाधान की मांग की

पटवारी संघ का कहना है कि, हम स्वामित्व रजिस्ट्री का काम नहीं करना चाहते, क्योंकि मूलतः तो यह हमारे विभाग की योजना भी नहीं है और बैसे भी अनेकों योजनाओं का क्रियान्वयन पटवारी कर रहे हैं, जो हमारे विभाग की भी नहीं हैं। इनसे हमारे मूल विभागीय काम पिछड़ते हैं।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन किए जाएंगें

अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत अशोकनगर जिले के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सेवा सेतु शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविर में नागरिकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, रूफटॉप सोलर, सब्सिडी व ऋण सम्बंधी जानकारी दी जाएगी मौके पर ही पंजीयन की सुविधा दी जायेगी। ये शिविर विकासखंड अशोकनगर में 23 सितंबर को एम्पीईबी कैंपस नगर पालिका के पास अशोकनगर में,चंदेरी में 24 सितंबर को नवीन एम पी ई बी कैंपस पिछोर रोड चंदेरी में, मुंगावली में 25 सितंबर को सामुदायिक भवन भुजरिया तालाब के पास स्टेशन रोड मुंगावली में तथा ईसागढ़ में 28 सितंबर को मांगलिक भवन ईसागढ़ थाना के पास ईसागढ़ में आयोजित किए जाएंगे।

कर्म क्षय के लिए जो तपा जाता है वह तप है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आचार्यों ने तप को संवर पूर्वक निर्जरा के लिये प्रमुखता से रखा है। तप धर्म भी है, तप संवर भी है, तप निर्जरा भी है और तप से तीर्थंकर आदि महान विभूति की प्राप्ति भी होती है।

मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने यह बात धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चारित्र का परिपक्व परिष्कृत रूप तप है, चारित्र में निखार लाने के लिये तप किया जाता है। जो तन के आश्रित होता है वह बाहरी तप है। और जो मन के आश्रित होता है वह अन्तरंग तप है। बाह्य तप से जिनशासन की प्रभावना एवं अन्तरंग तप से आत्मा का विकास होता है। तप की महिमा अपरम्पार है। दूध को तपाकर मलाई के द्वारा घी बनाते हैं तब उसका महत्त्व अधिक हो जाता है। घी के द्वारा तरलता और सुगन्धी दोनों ही प्राप्त किये जा सकते हैं। वह पौष्टिक भी होता है। घी की एक और विशेषता है कि घी को फिर किसी भी तरल पदार्थ में डुबोया नहीं जा सकता। घी को दूध में भी डाल दो तो भी वह दूध के ऊपर-ऊपर तैरता रहता है।

इसी प्रकार तप के माध्यम से विशुद्ध हुई आत्मा लोक के अग्र भाग पर जाकर विराजमान होती है। जिसके मन में निरन्तर इच्छायें उठ रही हैं, उसका मन कभी नहीं भरता। गुरु की आज्ञा से किया गया तप ही जीवन को ऊँचा उठाता है। विषय-भोग जीवन को जितनी मुश्किल में डालते हैं तपस्या उतनी मुश्किल में नहीं डालती। तपस्या जीवन को आसान बना देती है। रावण भी बहुत बड़ा तपस्वी था परन्तु उसने उस साधना का दुरूपयोग किया जिसका परिणाम आज पूरा विश्व देख रहा है। प्रतिमा की पूजा देख पाषाण खण्ड बोला, बहिन लोग बड़े पक्षपाती हैं। तुम्हारा और हमारा अंश और वंश एक ही है, लोग तुम्हें पूजते हैं और हमसे टिककर बैठते हैं।

जल बिहार के लिए सोने चांदी से जड़ित विमान पहुंचे परमेश्वर तालाब

भगवान राम आज करेंगे भाई लक्ष्मण के यहां रात्रि विश्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी नगर में भादों माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी आज का दिन डोल ग्यारस के रूप में जाना जाता है। नगर में डोल ग्यारस के अवसर पर एक दर्जन से अधिक मंदिरों के विमान निकाले गए। आज के दिन मंदिरों से भगवान के विमान नगर का भ्रमण करते हुए परमेश्वर तालाब पर जलविहार के लिए गाजे-बाजे के साथ पहुंचे। जल झूलनी एकादशी के मौके डोल ग्यारस का पर्व परंपरागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

भगवान श्रीकृष्ण को विमान में विराजित कर जलविहार कराया गया। परंमेश्वर तालाब लक्ष्मण मंदिर जल विहार को लेकर ऐसी मान्यता हैं कि यहां हर वर्ष ग्यारस के दिन भगवान राम अपने छोटे भ्राता लक्ष्मण जी के यहां रात्रि विश्राम करते हैं ऐसा मानना है कि दोनों भाइयो का मिलन साल में एक बार डोल ग्यारस के दिन ही होता है और अपने छोटे भाई के यहां भगवान राम रात्रि विश्राम करते हैं व दूसरे दिन यानी कल गुरुवार को यहां पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे में सभी लोग प्रसादी पाने के लिए जाते हैं। यहां विमानों को छेड़ने की प्रथा भी है। जिनके द्वारा छेड़ा जाता है उनके यहां विमान रखे होते हैं।

प्रतिवर्ष डोल ग्यारस के पर्व पर लक्ष्मण जी मंदिर के पुजारी पेंड भरते हुए भगवान श्रीराम को लेने के लिए आधे रास्ते तक पहुंचते हैं और अपने मंदिर पर भ्राताश्री को लेकर आते हैं। डोल ग्यारस के पावन पर्व पर दोनों भाई का मिलन साल में एक बार ही होता है। सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए यहां पुलिस बल भी तैनात किया गया है। इसके साथ ही आकर्षण का केंद्र बना लक्ष्मण मंदिर को लाइटिंग से सजाया गया जिसे देखने के लिए भारी संख्या में लोग बाग लक्ष्मण मंदिर पहुंचते है।

मंदिर पर लाइट डेकोरेशन रही आकर्षण का केंद्र, मंदिरों में विमान पर विराजे भगवान हुआ नगर भ्रमण



प्रशासन द्वारा आठ मांगों पर सहमति और लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित

सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की आठ दिवसीय भूख हड़ताल समाप्त

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ज्यूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा





सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों द्वारा अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले आठ दिनों से जीन ग्राउंड, सुठालिया में की जा रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई।

प्रशासन द्वारा आठ मांगों पर सहमति जताते हुए लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। किसानों की भूख हड़ताल समाप्त कराने के लिए मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अनशन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अनशनरत नौ किसानों को ज्यूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई। किसानों की प्रमुख मांग समान रूप से चार गुना मुआवजा दिए जाने को लेकर अभी अंतिम सहमति नहीं बन सकी है। प्रशासन की ओर से किसानों को आश्वस्त किया गया है कि इस मांग का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जाएगा। किसानों ने स्पष्ट किया कि इस मांग को लेकर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा और शासन के निर्णय के आधार पर आगामी रणनीति तय की जाएगी।

बड़ी संख्या में पहुंचे थे किसान

आंदोलन के आठवें दिन किसानों के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग सुठालिया पहुंचे। हजारों की संख्या में किसान अनशन स्थल पर उपस्थित रहे। किसानों के समर्थन में सुठालिया व्यापारी एसोसिएशन द्वारा बाजार बंद रखकर आंदोलन को समर्थन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, पूर्व विधायक चांचैड़ा ममता मीना, भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) प्रदेश अध्यक्ष रामजगदीश दांगी, प्रदेश संगठन मंत्री केशरीसिंह गुर्जर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

किसानों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण किया संघर्ष

आठ दिनों तक चले इस आंदोलन में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष किया। प्रशासन द्वारा आठ मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद फिलहाल भूख हड़ताल समाप्त की गई है। किसानों ने कहा कि समान चार गुना मुआवजे की मांग उनके आंदोलन का प्रमुख विषय है और शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजे जाने के बाद उसके निर्णय का इंतजार किया जाएगा। किसानों ने कहा कि यदि शासन स्तर पर उनकी प्रमुख मांग का सकारात्मक समाधान नहीं होता है तो किसान संगठन एवं प्रभावित किसान आगे की रणनीति तय करेंगे।

वार्ड 8 में आबादी के बीच सूअर पालन और सड़ी सब्जियों से दुर्गंध का आरोप

बदबू-गंदगी से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा नगर परिषद अध्यक्ष के घर का किया घेराव

सीएम हेल्पलाइन, तहसील और नगर परिषद में लिखित शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर



स्थानीय नगर परिषद वार्ड 8 में सूअर पालन और गंदगी से फैल रही दुर्गंध को लेकर स्थानीय रहवासियों का आक्रोश सामने आया। सोमवार रात समस्या से परेशान नागरिकों ने एकजुट होकर नगर परिषद अध्यक्ष के निवास के बाहर पहुंचकर विरोध जताया और घेराव कर नारेबाजी की। रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार आबादी क्षेत्र में सूअर पालन किया जा रहा है और सूअरों को खिलाने के लिए सड़ी-गली सब्जियां एवं अन्य खाद्य अपशिष्ट लाकर डाले जाते हैं। रहवासियों का आरोप है कि इससे क्षेत्र में लगातार दुर्गंध बनी रहती है। गर्मी और उमस के दौरान स्थिति और खराब हो जाती है। लोगों का कहना है कि दुर्गंध के कारण घरों में रहना और सामान्य गतिविधियां करना मुश्किल हो रहा है तथा संक्रमण और बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।


तीन स्कूलों के पास भी समस्या

रहवासियों ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र के आसपास काशी गुरुकुल एकेडमी, मां दुर्गा और सरस्वती शिशु मंदिर सहित शैक्षणिक संस्थान भी स्थित हैं। दुर्गंध का असर आसपास के विद्यार्थियों और शिक्षकों पर भी पड़ रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष का निवास भी इसी क्षेत्र के समीप है, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। सोमवार रात विरोध के बाद मंगलवार को रहवासियों ने मामले को लेकर तहसील कार्यालय और नगर परिषद कार्यालय में लिखित शिकायत दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराते हुए आबादी क्षेत्र से सूअर पालन हटाने और गंदगी की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की गई। शिकायत करने वालों में महेंद्र कुमार, रामबाबू कबधि, दीपक मालवीय, सलाम खान, कलाम खान, देवकरण, अनिल वर्मा, राजू वर्मा, अभिषेक, जगदीश, नरसिंह, गोपाल राठौर, विभूति विश्वकर्मा और विशाल सहित अन्य रहवासी शामिल रहे।

शिकायत का दावा

नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार नगर परिषद को ज्ञापन और शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों ने प्रशासन से आबादी क्षेत्र में सूअर पालन की स्थिति की जांच कराने, गंदगी और दुर्गंध के स्रोत को हटाने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।अब सीएम हेल्पलाइन, तहसील कार्यालय और नगर परिषद में शिकायत के बाद रहवासियों को कार्रवाई का इंतजार है। नागरिकों का कहना है कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, वे प्रशासन के समक्ष अपनी मांग उठाते हुए उग्र आंदोलन की राह पर जाएंगे।

दो हफ्ते से लापता युवक का कुएं में तैरता मिला शव



सारंगपुर। करीब दो सप्ताह से लापता चल रहे 29 वर्षीय युवक का शव मंगलवार को नेशनल हाईवे के समीप स्थित एक कुएं में तैरता मिला। शव मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कुएं से बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराई। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 3 निवासी कमल पिता दुर्गा प्रसाद मालवीय 29 वर्ष करीब दो सप्ताह पहले बिना बताए घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी तलाश करने के बाद सारंगपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा भी युवक की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि नेशनल हाईवे के समीप हकीम खां-बाबू खां पटेल के कुएं में एक युवक का शव पानी में तैरता दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। परिजनों को सूचना देकर शव की शिनाख्त कराई गई। पुलिस ने शव का पीएम होने के बाद परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सामने आने की बात पुलिस द्वारा कही गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जलझूलनी एकादशी पर खाटू श्याम के दरबार में लगा श्रद्धालुओं का तांता, एक लाख से अधिक ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



मंगलवार को डोल ग्यारस यानी जलझूलनी एकादशी के मौके पर ब्यावरा के श्री खाटू श्याम मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर समिति के अनुसार एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए। सुबह मंगला आरती के साथ दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ, जो दिनभर चलता रहा। मंदिर परिसर और आसपास का इलाका दिनभर जय श्री श्याम और हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से गूंजता रहा।

डोल ग्यारस के लिए बाबा खाटू श्याम का खास श्रृंगार किया गया था। मंदिर को सुंदर फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया। मंदिर समिति ने बताया कि उज्जैन से करीब 51 किलो ताजे फूल मंगाकर बाबा का श्रृंगार और दरबार सजाया गया था। भक्तों ने बाबा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की।डोल ग्यारस पर ब्यावरा शहर और आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु निशान लेकर बाबा के दरबार में पहुंचे। कई जगहों से भक्तों की टोलियां ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ मंदिर आईं। हाथों में श्याम निशान लिए भक्त नाचते-गाते और बाबा के जयकारे लगाते दिखे।

भीड़ को देखकर पुलिस-प्रशासन और स्वयंसेवकों ने संभाला मोर्चा

भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर समिति ने दर्शन के लिए कतारें लगवाईं। पुलिस, प्रशासन, नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था बनाने में मदद की। मंदिर परिसर और आसपास के मुख्य जगहों पर पुलिसकर्मी और स्वयंसेवक तैनात थे। भीड़ को संभालने और ट्रैफिक को ठीक रखने के लिए भी इंतजाम किए गए थे।सनातन परंपरा में डोल ग्यारस या जल झूलनी एकादशी का खास महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। कई जगहों पर भगवान की मूर्ति को डोल में रखकर जल विहार कराया जाता है। श्रद्धालु व्रत और पूजा करके अपने भगवान से परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामनाएं पूरी करने की प्रार्थना करते हैं।

फर्जी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन दिखाकर किराना दुकान से 2460 रुपए का सामान ले गया अज्ञात व्यक्ति



कुरावर। किराना दुकान पर सामान खरीदने पहुंचे एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल पर फर्जी ऑनलाइन भुगतान का स्क्रीनशॉट दिखाकर दुकानदार से करीब 2,460 रुपए का सामान ले लिया और फरार हो गया। भुगतान की पुष्टि करने पर खाते में राशि नहीं पहुंचने का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार कुरावर मंडी निवासी प्रवर माना वाले की किराना दुकान पर 21 सितंबर को एक अज्ञात व्यक्ति सामान खरीदने आया था। सामान लेने के बाद उसने ऑनलाइन भुगतान करने की बात कही और मोबाइल पर ट्रांजेक्शन का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर दुकानदार को विश्वास में ले लिया। इसके बाद वह सामान लेकर चला गया। बाद में दुकानदार ने बैंक खाते और भुगतान की जांच की तो राशि प्राप्त नहीं हुई। पीड़ित ने कुरावर मंडी पुलिस थाने में लिखित शिकायत देकर वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर कार्रवाई करने तथा सामान की राशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक दिवसीय लीडरशिप ट्रेनिंग बालाजी मंदिर परिसर में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



एक दिवसीय लीडरशिप ट्रेनिंग एवं सामाजिक-राजनीतिक पुनर्जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एवं एससी/एसटी, किसान सेना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय लीडरशिप ट्रेनिंग एवं सामाजिक-राजनीतिक पुनर्जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, नेतृत्व क्षमता, शिक्षा, संगठन, अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा समाज के उत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं मार्गदर्शन दिया।

आइए, हम सब मिलकर शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाज को मजबूत बनाने का संकल्प लें। अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित कुमार गौड़ मुख्य अतिथि विश्वात्मा भारत गांधी द्वारा बताया गया कि सरकार को वोटरशिप कानून लागू कर देना चाहिए जिससे प्रत्येक वोटर को पैसे मिले जब देश आजाद है तो फिर भेदभाव हटाकर सभी के साथ एक सामान न्याय होना चाहिए। ऐसे अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर किसान सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम मीणा, श्याम पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हीरा सिंह सौंधिया, महामंत्री नारायण सिंह सोंधिया, महामंत्री रमेश पाल, प्रदेश अध्यक्ष डॉ कन्हैयालाल भारती, सचिव रामबाबू पुष्पद, सह सचिव मनोहर सिंह मीणा, जिला अध्यक्ष कमल सिंह दांगी, गुना जिला अध्यक्ष हेमराज मीणा , शाजापुर जिला अध्यक्ष ज्योति चावड़ा, राजेश मेघवाल, रामबाबू गौर, संजय विश्वकर्मा, रामेश्वर, भगवान सिंह , माधु सिंह तंवर, करण सिंह तंवर सहित जिले के पदाधिकारी वा सदस्य मौजूद रहे।

कृषि उपज मंडी में नए सोयाबीन की पहली आवक, मुहूर्त भाव 5891 रुपए क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



कृषि उपज मंडी में मंगलवार को सीजन के पीले सोने यानी सोयाबीन की आवक का श्रीगणेश हुआ। नए सोयाबीन की पहली उपज लेकर किसान मंडी पहुंचे, जहां व्यापारियों द्वारा विधिवत मुहूर्त में खरीदी की गई। नई फसल की पहली आवक को लेकर किसानों और व्यापारियों में उत्साह का माहौल नजर आया। मंडी में नए सोयाबीन का पहला मुहूर्त प्रयाग ट्रेडर्स द्वारा 5891 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर किया गया। इसके बाद केशव ट्रेडर्स ने भी नए सोयाबीन की खरीदी 5891 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर की। एक ही भाव पर हुए दोनों मुहूर्त से किसानों में उत्साह देखा गया। क्षेत्र में सोयाबीन की फसल अब पकने लगी है और आगामी दिनों में कटाई का कार्य तेज होने के साथ मंडी में नई उपज की आवक बढ़ने की संभावना है। मंडी में नए सीजन की पहली आवक के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी आने की उम्मीद है। किसानों को इस वर्ष उपज के बेहतर भाव मिलने की आस है। नई फसल की पहली आवक के अवसर पर मंडी परिसर में किसानों, व्यापारियों और मंडी से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल रहा।

नदी के नाले को रोकते समय मजदूर की पटियों के बीच फंस जाने से मौत

खिलचीपुर। नगर के सोमवारिया स्थित छोटे पुल पर डोल ग्यारस पर्व की तैयारियां को लेकर नदी के नाले को रोकने के लिए काम पर लगे एक युवक की नाले में फंसकर मौत हो गई। लगभग एक डेढ़ घंटे बड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने युवक को निकालकर शासकीय अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित किया। मृतक की पहचान बीरम पिता बल्लभ 34 वर्ष निवासी थावरिया बाजार के रूप में हुई। जानकारी अनुसार यह युवक गाड़ गंगा नदी के नाले में पटिया लगाने का काम कर रहा था, इसी दौरान नाले में पटियों के बीच फंस गया था। सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। बड़ी मुष्किल से उसको बाहर निकाला गया था। अस्पताल प्रबंधन ने मृत के पुष्टिकर शव परिजनों को सौंपा।

मंदिरों के विमान बड़े बाजार चौक पर हुए विराजित, अखाड़े में पहलवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

धूमधाम से मनाई जलझूलनी एकादशी, निकला विमानों का जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर में जल झूलनी एकादशी का पर्व धार्मिक आस्था, परंपरा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया था। परंपरा के अनुसार विभिन्न मंदिरों के विमान बड़े बाजार चौक पर विराजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पहुंचकर भगवान के दर्शन-पूजन किए और धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर पुराने झंडा चौक चौराहे पर अखाड़े का आयोजन किया गया। अखाड़े में पहलवानों ने विभिन्न दांव-पेंच और हैरतअंगेज करतब दिखाकर उपस्थित लोगों को रोमांचित किया। अखाड़े को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी और युवा मौजूद रहे। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति की ओर से अखाड़े के उस्तादों का साफा बांधकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया।

जगह-जगह फोड़ी दही की मटकियां

जुलूस के मार्ग में जगह-जगह दही की मटकियां लटकाई गई थीं, जिन्हें उत्साह के साथ फोड़ा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे नगर में धार्मिक जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।नगर भ्रमण करते हुए सभी विमान तखाजी मंदिर पहुंचे। यहां विधि-विधान से सभी विमानों का पूजन एवं आरती की गई। इसके बाद विमानों में विराजित भगवान को शनि तलाई ले जाया गया, जहां परंपरानुसार भगवान का जल विहार कराया गया। जल विहार के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया।

जलझूलनी एकादशी पर नगर में निकाला चल समारोह



नरसिंहगढ़। मंगलवार को जलझूलनी एकादशी का पौराणिक पर्व नगर में पूर्ण आस्था एवं श्रृद्धा के साथ मनाया गया। भगवान को जल और फूलों का स्नान कर जलविहार की प्राचीन परपंरा वाले इस पर्व का नगर में खासा उत्साह देखा गया। इस उपलक्ष्य में प्रसिद्ध जमात मंदिर से चल समारोह दोपहर दो बजे भगवान की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। चल समारोह में सजाई गई आकर्षक झांकिया नगरवासियो के प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। चल समारोह में एक से बढ़कर एक झांकिया सजाई गई थी। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ पुनः मंदिर श्री जमात घाट पहुंचा, जहां भगवान का स्नान और महाआरती के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गाजे-बाजे के साथ निकले चल समारोह में जमात अखाड़े के कलाकारो द्वारा प्रदर्शित हेरतअंगेज करतबो ने नागरिको को रोमाचिंत कर दिया। चल समारोह में विधायक मोहन शर्मा, महंत दीपेंद्र दास, भरत झंवर, शिव वैध, रमेश मालवीय सहित सैकड़ों की संख्या में नगरवासी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि नगर मे धार्मिक एवं पौराणिक महत्व वाले सैकड़ो मंदिर मौजूद है, जहां ढोल ग्यारस का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

सैकड़ों मंदिरों के निकले विमान : इस दौरान नगर के सभी प्रमुख मंदिरों द्वारा अपने-अपने मंदिरों से भगवान को विमान में सजाकर उन्हे जमात घाट लाया गया। इस दौरान नगर में निकले विमानो की नगरवासियो द्वारा पुष्प वर्षा कर अगवानी करते हुए पूजा अर्चना की। ढोल, डीजे के साथ निकले विमानो में शामिल युवाओं ने जमकर नृत्य भी किया। देर रात तक मंदिरो मे भजन-कीर्तन आदि का दौर चलता रहा। वही महाप्रसादी के तौर पर केले, ककड़ी, सेवफल आदि का वितरण किया गया।